Title: Need to involve representatives of people in development schemes of Barauni refinery in Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): मेरा संसदीय क्षेत्र बिहार का बेगुसराय है। यहां बरौनी तेल शोधक कारखाना स्थित है। इस तेल शोधक कारखाने के अंतर्गत 35 ऐसे गांव हैं जिनमें रिफाईनरी द्वारा विकास के कार्य कराये जाते हैं। गत वर् के अतिरिक्त पिछले कई वर्ों से इस प्रकार के विकास कार्य नहीं कराये गये हैं। अभी तक बरौनी रिफाईनरी के वरिठ पदाधिकारियों ने विकास संबंधी कोई भी कार्य स्थानीय जन प्रतिनिधियों के परामर्श से नहीं कराया है। इस रिफाइनरी में अधिकतर पदाधिकारी स्थानीय हैं, जिनके अपने-अपने निजी हित पूरे हो रहे हैं। वे अपने सगे-संबंधियों को ठेकेदार नियुक्त करके उन्हें विकास संबंधी कार्यो के ठेके आबंटित कर देते हैं। छोटे पदों पर नियुक्तियों में भी अपने रिश्तेदारों को प्राथमिकता दी जाती है। यहां नौकरशाह जन प्रतिनिधियों से कटे रहना चाहते हैं।

मैं सदन के माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि इन सभी बातों की जांच करायी जाये और रिफाइनरी के आसपास के क्षेत्र के विकास संबंधी कार्यो में स्थानीय प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये ताकि कार्य में पारदर्शिता लाकर भ्रटाचार और भाई-भतीजावाद को समाप्त किया जा सके।